an>

Title: Need to set up a hospital equipped with all modern medical facilities in Thane, Maharashtra.

श्री राजन विचारे **(ठाणे) :** मैं एक बड़े ही महत्वपूर्ण विषय पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ भारत का सपना देखा है जिसमें देश के सभी लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सारी सुविधाएं मिल सकें। दिल्ली तथा मुम्बई जैसे बड़े शहरों में अच्छे अस्पतालों की सुविधाएं हैं लेकिन मुम्बई के बगल में ठाणे लोक सभा क्षेत्र, जहां से मैं चुनकर आया हूं, में 100 साल पुराना एक अस्पताल है जहां पर कैंसर, हार्ड अटैक, बर्न सेंटर जैसी बड़ी बीमारियों के इलाज आज भी नहीं होते, क्योंकि यह अस्पताल सारी आधुनिक सुविधाओं से युक्त नहीं है। यहां पर एक भी बड़ा सरकारी अस्पताल नहीं है। ठाणे शहर की आबादी 20 लाख हो गई है एवं ठाणे जिला की आबादी सवा करोड़ तक पहुंच गई है। हाल में ही ठाणे जिला का बंटवारा हो गया। इतनी बड़ी जनसंख्या वाले ठाणे जिला में सभी सुविधाओं वाला एक भी बड़ा सरकारी अस्पताल नहीं है जिस कारण क्षेत्र के गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को 30 किलोमीटर का सफर तय कर मुम्बई शहर जाकर इलाज करवाना पड़ता है। कई बार समय से उचित इलाज नहीं मिल पाने के कारण कई लोगों की मौत तक हो जाती है।

मुझे इस बात की खुशी है कि केन्द्र सरकार महाराष्ट्र के विदर्भ में एम्स जैसे बड़ा अस्पताल बनाने की योजना पर काम कर रही है। बजट में इसके लिए निधि भी आरक्षित की गई है। मैं इस सदन के माध्यम से सरकार को एक सुझाव देना चाहता हूं कि ठाणे शहर में जो मेंटल अस्पताल है, वहां पर एक बड़ी जगह खाली पड़ी है। यदि केन्द्र सरकार के सहयोग से उस खाली जगह पर सभी चिकित्सीय सुविधाओं से युक्त एक बड़ा अस्पताल बनाया जाएगा तो इसका सीधा फायदा वहां पर रहने वाले 50 लाख से ज्यादा लोगों को मिलेगा।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि यह मुद्दा लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है। अतः वह इस पर गंभीरतापूर्वक विचार कर ठाणे शहर के लिए सभी सुविधाओं से युक्त एक बड़े सरकारी अस्पताल बनने की योजना पर अपनी सहमति प्रदान करे।